# खाटू में बैठा जो वो श्याम हमारा है भजन लिरिक्स

खाटू में बैठा जो,
वो श्याम हमारा है,
निर्बल का साथी है,
हारे का सहारा है **।bd।**

तर्ज – होंठों से छू।

---

इस बाग का माली ये,
और फूल है हम सारे,
खाटू से हम सब पर,
रखता है नजर प्यारे,
आता हर पल झट से,
आता हर पल झट से,
जब जिसने पुकारा है,
खाटू मे बैठा जो,
वो श्याम हमारा है **।bd।**

---

फरियादी आते है,
फरियाद सुनाते है,
गुमनाम जो थे अब वो,
प्रेमी कहलाते है,
आनंद में रहते वो,
आनंद में रहते वो,
देखे जग सारा है,
खाटू मे बैठा जो,
वो श्याम हमारा है **।bd।**

---

एक बार जो खाटू की,
गलियों में जा डोले,
फिर भूल के सब कुछ वो,
बस श्याम नाम बोले,
‘शिवम’ कहे श्याम धणी,
‘शिवम’ कहे श्याम धणी,
हमें जान से प्यारा है,
**Bhajan Diary Lyrics,**
खाटू मे बैठा जो,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

वो श्याम हमारा है।bd।

खाटू में बैठा जो,
वो श्याम हमारा है,
निर्बल का साथी है,
हारे का सहारा है।bd।

**Singer – Namrata Karwa**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com